Title: Demand to construct a dam on Ghagar, Tagri and Maskanda rivers in Himachal Pradesh and Jammu and Kashmir to control the rain water causing floods in Punjab.

प्रो. प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (पटियाला) : चेयरमैन सर, हमारे प्रदेश में बारिश के कारण भयंकर बाढ़ आई हुई है। हिमाचल और जम्मू-कश्मीर की बारिश का पानी पंजाब के पटियाला, संगरूर और मानसा जिलों में भर गया है जिससे फसलें तबाह हो गयी हैं, मकान ढह गये हैं और पशुओं की मौत हो गयी है। मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि पहाड़ी क्षेत्रों में कोई डेम बनाकर ऐसे बरसात के पानी को रोका जाए। घघर, टागरी और मार्कन्डा नदी पर डेम बनाकर पानी को रोका जाए तो उस पानी को सिंचाई के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है और बाढ़ से भी बचा जा सकता है।

दूसरा मेरा आग्रह है कि बाढ़ के पानी से जो नुकसान हुआ है उसके लिए सरकार मुआवजा दे, केन्द्र से कुछ पैसा वहां जाना चाहिए, ऐसा मैं निवेदन करता हूं।

श्री मोहन सिंह : सभापति जी, खुराना साहब ने बाढ़ के ऊपर बयान देने के लिए कहा था।

... (व्यवधान)

इसके ऊपर एक डिबेट होनी चाहिए। यह मानसून सैशन है और हर सैशन में बाढ़ के ऊपर

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : मोहन सिंह जी, मैंने इनको बोलने के लिए कहा था, इनका बोलना अभी खत्म नहीं हुआ है, आप बीच में क्यों बोल रहे हैं।

श्री मोहन सिंह : सर, इनका भाषण खत्म हो गया है।